सार-समाचार

रचित भावना योग के पोस्टर का विमोचन

अजमेर (कासं)। दिगंबर जैन मुनि प्रमाण सागर महाराज द्वारा रचित भावना योग के पोस्टर का विमोचन बुधवार को सोनी जी की नसिया में समारोह पूर्वक हुआ। मुख्य संयोजक प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि संपूर्ण मानव जाति के हितों की रक्षा को देखते हुए मुनि प्रमाण सागर द्वारा भावना योग की रचना की गई, जिसकी अकल्पनीय परिणाम प्राप्त हुए उसी क्रम में बुधवार को मुनिश्री के आशीर्वाद से राजस्थान का पहला भावना योग का सेंटर अजमेर में खुलने जा रहा है। पोस्टर का विमोचन सोनी जी की नसिया में जैन समाज के विभिन्न संप्रदाय के प्रतिनिधियों डिप्टी मेयर नीरज जैन व प्रमोद सोनी के सानिध्य में हुआ। वर्तमान समय में प्रत्येक प्राणी मानसिक तनाव शारीरिक अस्वस्थता के कारण परेशान है। कार्यक्रम में सनातन धर्म से डॉ. दिनेश, गायत्री परिवार के प्रमुख अद्वित आश्रम के स्वामी देवनंदन गिरी महाराज, मुस्लिम समुदाय से डॉ. मंसूर अली, डॉ.मोहम्मद खान, ईसाई समुदाय से फादर कॉसमॉस, वाइस प्रेसिडेंट ईसाई समुदाय फादर अजय, सिख समुदाय से डॉ.सतीश अरोड़ा, हरदीप सिंह, अजीत दुआ, बुद्ध समुदाय से प्रेम प्रकाश व ज्योति आदि उपस्थित रहे जैन ने बताया कि राजस्थान का प्रथम केंद्र हरिभाऊ उपाध्यक्ष नगर स्थित कोटडा में खोला जाएगा संचालक अजय दोषी भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम में राजेंद्र पत्नी का विशेष सहयोग रहा।

अटल आवासीय योजना में 2534 आवेदन प्राप्त, लॉटरी 21अगस्त को

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित अटल आवासीय योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अगस्त तक कुल 2534 आवेदन प्राप्त हुए, जिसकी लॉटरी 21 अगस्त को निकाली जाएगी। अजमेर रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड से 14 किलोमीटर दूर अजमेर सीकर मार्क पर चाचीयावास स्थित इस योजना में कुल 191 भूखंडो का लॉटरी द्वारा आंवटन किया जाएगा। योजना में राज्य सरकार के नियमानुसार विभिन्न वर्गो के आवेदनों के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। ई डब्ल्यु एस एवं एल सी सी श्रेणी के आवेदकों को आरक्षित दर 16227 रूपए प्रतिवर्ग मीटर से 50 प्रतिशत एवं 80 प्रतिशत दर पर भूखंड आवंटित किये जायेगें तथा भूखंडो का लॉटरी द्वारा आंवटन 21 अगस्त 2025 को किया जाएगा।

786 तिरंगों का वितरण आज

अजमेर (कासं)। स्वतंत्रता दिवस के की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर 786 तिरंगों का वितरण किया जएगा। कार्यक्रम संयोजक नवाब हिदायत उल्ला, हाजी मोहम्मद महमूद खान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दरगाह के बाहर तिरंग रैली निकाल कर सभी को तिरंगे झंडे वितरित कर अपने राष्ट्रीय पर्व को मनाने के लिए प्रेरित किया जाता हैं । गुरुवार को दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा।

बक्सू खां सचिव बने

मेड़ता सिटी, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने कांठोस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार शिक्षक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुवे में मेड़ता सिटी निवासी बख़्सु खा को सचिव व नौरतमल सेन को संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया । सचिव बक्सू खा ने बताया कि शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने जो दायित्व दिया हे उस पर हम अपने कर्तव्य के साथ कार्य करेंगे वहीं संयुक्त सचिव सेन ने बताया कांठोस पार्टी के नेतृत्व में शिक्षक प्रकोष्ठ में जो दायित्व दिया है। उसमें शिक्षा को बढ़वा देने के लिए वहीं कांठोस पार्टी की योजनाओं को बढ़ावा देने का काम करेंगे। दोनों पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा व शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया का आभार व्यक्त किया ।

कलक्टर ने रैली को रवाना किया

नागौर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में आज तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि उपज मंडी परिसर से जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित, सीईओ रविंद्र कुमार व मंडी सचिव रघुनाथराम सिंवर ने तिरंगा लहराकर ट्रैक्टर रैली को रवाना किया। कृषि मंडी परिसर से लेकर कलक्ट्रेट तिराहा, सर्किट हाउस से बासनी चौराहा होते हुए वापस कृषि मंडी परिसर में रैली का समापन हुआ। रैली में फूल मालाओं से सजे ट्रैक्टर व ऊपर लगे तिरंगे से पूरा वातावरण तिरंगामय हो गया। इस दौरान एसडीएम गोविंद सिंह भींचर ने भी तिरंगा रैली की अगुवाई की। साथ ही रैली में स्पाइस बोर्ड के सदस्य भोजराज सारस्वत, नृत्यगोपाल मितल, हरीराम धारणियां, कृषि कॉलेज प्रोफेसर डॉ. विकास पावड़िया, रामप्रकाश बिस्सु सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शहर के चौराहों से गुजरती हुई ट्रैक्टर तिरंगा रैली को लोगों ने बड़े उत्साह से देखा। इस दौरान तिरंगा लगे ट्रैक्टरों का काफी बड़ा काफिला नजर आया।

आत्मदाह की चेतावनी, एसडीएम के आश्वासन से निरस्त

रूपनगढ़, (निसं)। रूपनगढ़ के निकट ठाम भैरवाई में स्कूल भवन की भूमि को स्कूल के नाम आवंटन को लेकर गत काफी दिनों से चल रहे आंदोलन का आज रूपनगढ़ उपखण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत के आश्वासन के बाद पटाक्षेप हो गया। भैरवाई की राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भवन काफी वर्षों से बना हुआ है। इस भवन की आठ बीघा भूमि है परन्तु आज तक कुछ तकनीकी कारणों से यह भूमि कुछ व्यक्तियों की खातेदारी में ही चली आ रहूं है जिससे इस भवन का विकास रूका हुआ है। इस विद्यालय भवन की भूमि को विद्यालय के नाम करने के लिए ठाम वासियों ने पिछले दिनों से आन्दोलन चला रखा है। और अब तक इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं होने पर ठामवासियों ने 19 अगस्त को सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दे दी थी। इस पर आज रूपनगढ़ मण्डल भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष कंचन किरण वैष्णव के नेतृत्व में भैरवाई की महिलाओं ने रूपनगढ़ उपखण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत से भेंट कर समस्या समाधान की मांग की। शेखावत ने सारी स्थिति जानकर महिलाओं को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सारी कानूनी पेचिदगियों को दूर कर विद्यालय भवन की आठ बीघा भूमि को विद्यालय के नाम कर दी जाएगी। उपखण्ड अधिकारी के आश्वासन पर महिलाओं ने आन्दोलन समाप्त करने की घोषणा की।

देशभक्ति नारों से गूंजा शहर

अजमेर, 13 अगस्त (कासं)। 51 मीटर लंबा तिरंगा हाथों में थाम सडक़ पर चल रहे स्कूली छात्र-छात्राएं, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साह देखते ही बन रहा है। अवसर था भाजपा बजरग मंडल द्वारा बुधवार को सावित्री चौराहे से बजरगगढ़ शहीद स्मारक तक तिरंगा रैली का। तिरंगा रैली का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर की।

रैली में शामिल भाजपा पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे देशभक्ति के नारों से शहर

■ **विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने गुब्बारे उड़ा कर की रैली की शुरुआत**

तिरंगा रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ भाजपा, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

गुंजाएमान हो गया। सावित्री चौराहे से रवाना हुई रैली मुख्य मार्गों से होते हुए बजरगगढ़ शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। रैली के समापन पर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

नेशन फर्स्ट की भावना को रखे सर्वोपरि-देवनानी: तिरंगा रैली के शुभारंभ मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे तिरंगा हाथ में लेकर आगे बढ़ें और नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखें, उन्होंने कहा कि देश को कमजोर करने वाली ताकतों को करारा जवाब देना हर नागरिक का कर्तव्य है। रैली में शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, डिप्टी मेयर नीरज जैन के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल के बच्चे भी शामिल हुए।

रैली से दिया राष्ट्रीय एकता-समर्पण का संदेश : रैली में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। रैली मार्ग पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन ने सक्रिय भूमिका निभाई। रैली से न केवल शहर में देशभक्ति का माहौल बना बल्कि राष्ट्रीय एकता और समर्पण का संदेश भी दिया गया।

वीरवर दुर्गा दास जयन्ती पर निकली वाहन रैली

सरवाड़, (निसं)। श्री क्षत्रिय सभा संस्था सरवाड़ द्वारा वीरवर दुर्गा दास जयन्ती धूमधाम पूर्वक मनाई गई वहीं बुधवार को वीरवर दुर्गा दास राठौड़ जयंती पर भव्य वाहन रैली निकाली गई वहीं वाहन रैली का शहर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इस बीच मुख्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम रहें इस दौरान अध्यक्षता जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा मुख्य वक्ता शक्ति सिंह बांदीकुई विशिष्ट अतिथि होनहार सिंह नगर सरवाड़ पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन अध्यक्ष उपस्थित रहे इस मौके पर समारोह के दौरान कार्यक्रम में शक्ति सिंह बांदीकुई ने दुर्गा दास राठौड़ के जीवनी पर प्रकाश डाला गया वहीं जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा ने महिला उत्थान के लिए आव्हान किया इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम ने सनातन धर्म को बचाने में क्षत्रियो के योगदान पर प्रकाश डाला और समाज के भवन में 15 लाख रुपए डोम बनाने की घोषणा की इस बीच रघुवीर सिंह गोयला ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया वहीं संस्था अध्यक्ष नारायण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया इस दौरान समारोह में समाज की विभिन्न क्षेत्र की 35 प्रतिभा का सम्मान भी किया गया वहीं मंच संचालन भगवत सिंह गोयला ने किया।

वाहन रैली का शहर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।

इस अवसर पर समारोह में शेलेन्द्र सिंह पिपलाज, गोपाल सिंह कादेड़ा, महेन्द्र सिंह ढोस, भंवर सिंह खीरिया, चन्द्रवीर सिंह सापन्दा, भगवान सिंह देवगांव, केशर सिंह ढिगारिया, कैलाश सिंह जड़ाना, अभिमन्यु सिंह ढिगारिया, धर्मेन्द्र सिंह खीरिया, राज बहादुर सिंह बीलिया, राजेश बना, विक्रम सिंह स्यार, हरि सिंह स्यार, औकार सिंह देवरिया, भंवर सिंह चकवा व पृथ्वीराज सिंह हिंगोनिया सहित अन्य राजपूत समाज के महिला पुरूष उपस्थित रहें।

रूपनगढ़ में निकली शानदार तिरंगा रैली

रूपनगढ (निसं)। रूपनगढ़ कस्बे में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शपथ ठाहण के बाद प्रारम्भ होकर किले का चौक, सदर बाजार होते हुए ठाम पंचायत भवन पहुंची। शपथ ठाहण तिरंगा रैली के मण्डल संयोजक व भाजपा के वरिष्ठ नेता डी सी वी किरण ने उप खण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत के सान्निध्य में कराई। रैली का नेतृत्व रूपनगढ़ मण्डल महिला मोर्चा अध्यक्ष व तिरंगा रैली की नगर संयोजिका श्रीमती कंचन किरण वैष्णव ने किया।

■ **महिला मोर्चा अध्यक्ष व तिरंगा रैली की नगर संयोजिका श्रीमती कंचन किरण वैष्णव ने किया**

उपखण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने तिरंगा लहराकर रैली को रवाना किया। रैली में राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सावित्री मालपाणी, राजकीय लूणकरण बाहेती सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय के प्रिंसिपल भरत कुमार सिवासिया, व अन्य स्कूल स्टाफ सहित रूपनगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष रणजीत सामरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मूलचंद राईका, मण्डल महामंत्री व रैली के सह मण्डल संयोजक जगदीश सैन व बिरदी चन्द कुमावत, मुकेश सारण, भैरवाई महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती अन्तर कंवर , सहित अनेक कार्यकर्ता, महिलाएं व स्कूल के छात्र व छात्राएं शामिल रही, जो वन्दे मातरम्, भारत माता की जय आदि जयघोष कर रहे थे। फव्वारा चोक पर रैली का तिरूपति मिष्ठान भंडार की ओर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। पंचायत भवन पहुंचने पर ग्राम पंचायत प्रशासक मुकेश प्रजापति ने रैली का स्वागत करते हुए सबको केले वितरित कर धन्यवाद ज्ञापित किया। रैली के मार्ग में स्थानीय थानाधिकारी सत्यवान सिंह मय जाप्ता साथ रहे।

सांस्कृतिक संध्या आज

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। नगर परिषद की और से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम आज़ादी के नाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने बताया की मंझेला रोड स्थित कम्युनिटी पार्क में सांय 5 बजे आयोज्य सांस्कृतिक संध्या में देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम होगा। सभापति राठौड ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशनगढ़ की उन छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जो कला, नृत्य, गायन, नाट्यय एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट क्षमता रखते हैं। इस दौरान 5100 दीप प्रज्वलन, आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

तीस साल के अंधकार के बाद रोशनी लौटी

अजमेर (कासं)। अजमेर संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में एक मरीज की आंखों में रोशनी लौट आई, जिसने अपना जीवन के 30 साल अंधकार में गुजारे थे, इस मरीज की कहानी ने सभी को भावुक कर दिया, जब उन्होंने अपनी पीड़ा बताई और सभी परिजन की आँखें आंसुओं से भर गईं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया व

■ **परिजन की आंखें आंसुओं से भर आई**

अस्पताल अधीक्षक डॉ अरविंद खरे ने बताया कि मरीज ने अपना जीवन अंधकार में गुजारने के बाद जब जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में पहुंचा, तो डॉ अंकुर कुमार ने उसकी जांच की और जटिलतम सर्जरी की और उनकी आँखों में रोशनी लौटा दी। इस सफल सर्जरी के बाद मरीज ने अपने परिजन को पहली बार देखा और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था तो वही परिजन के भी खुशी के मारे आंखें छलक आई। विभागाध्यक्ष डॉ राकेश पोरवाल ने बताया कि यूवाइटिस के कारण उसकी दोनों आँखों में मोतियाबिंद की समस्या थी। कोई भी उसका ऑपरेशन करने का जोखिम नहीं उठाना चाहता था। डॉ पोरवाल ने प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक से ऑपरेशन की जटिलता को बताते हुए अनुमति ली। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग के डॉक्टरों ने चिकित्सालय की टीम ने मरीज की पीड़ा को समझा और उनकी सर्जरी के लिए पूरी तरह से तैयार हुई। ऑपरेशन टीम में शामिल मुख्य सर्जन डॉ. अंकुर कुमार के साथ डॉ. गार्गी अवस्थी, डॉ. उत्कर्षा, डॉ. सोनू ने प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ राकेश पोरवाल की देखरेख में जटिल सर्जरी को सफल बनाया। जब मरीज ने अपनी पीड़ा बताई, तो सभी की आँखें आंसुओं से भर गईं। यह एक भावनात्मक क्षण था, जब मरीज ने अपने परिजनों को पहली बार देखा और उनकी खुशी का वर्णन नहीं किया जा सकता है। अब सर्जरी के बाद वह अपने बेटे, बहू और पोते को पहली बार देख पा रहा है। इस प्रकार, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय ने एक मरीज की जिंदगी बदल दी और उनके जीवन में रोशनी लौटा दी। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ गेस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ एम पी शर्मा, उप अधीक्षक डॉ अमित यादव, डॉ श्याम भूतड़ा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया व अस्पताल अधीक्षक डॉ अरविंद खरे ने ऑपरेशन की जानकारी दी।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर वसीयत के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

- आम सूचना -

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा नियमनशुदा आवासीय भूखण्ड जो कि खसरा नंबर 185, नौसर रातीडांग का एक भाग है जिसका क्षेत्रफल 396.75 वर्गगज आवंटी / अन्तरिति श्री / सुश्री / श्रीमती भगवती देवी पत्नी स्व. सत्यनारायण शर्मा, निवासी- 118, मित्र नगर, नौसर, रातीडांग, वैशाली नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 05.12.2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपार्ट संलग्न कर मृतक के वारिस / वसीयती 1. पुरुषोतम शर्मा पुत्र स्व. सत्यनारायण शर्मा 2. राकेश शर्मा पुत्र स्व. सत्यनारायण शर्मा, निवासी-गली नंबर-1, मित्र नगर, रातीडांग रोड, अजमेर द्वारा उनके पक्ष में निष्पादित वसीयत दिनांक 08.07.2022 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को भी आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 872 — जाहिर आम सूचना — दिनांक 13.08.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/130, पंचशील, अजमेर में श्री राधेश्याम रांकावत पुत्र श्री रामचन्द्र को आवंटित कर दिनांक 09.09.1997 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री राधेश्याम रांकावत पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा दिनांक 20.08.1999 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया था। पंजीयन पश्चात् श्री राधेश्याम रांकावत पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा आवास का वैचान श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री रामचन्द्र सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नि श्री लक्ष्मण सोनी को दिनांक 26.10.2024 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री रामचन्द्र सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नि श्री लक्ष्मण सोनी के पक्ष में दिनांक 31.07.2025 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। नामान्तरण पश्चात् श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री रामचन्द्र सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नि श्री लक्ष्मण सोनी द्वारा आवास का वैचान श्रीमती काजल दरियानी पत्नि श्री घनश्याम दरियानी को दिनांक 04.08.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 993 में पृष्ठ संख्या 4 क्रम संख्या 202503002108805 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3969 के पृष्ठ संख्या 265 से 275 पर दिनांक 04.08.2025 को चस्पा किया गया। अब श्री श्रीमती काजल दरियानी पत्नि श्री घनश्याम दरियानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है । श्रीमती काजल दरियानी पत्नि श्री घनश्याम दरियानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1953 — जाहिर आम सूचना — दिनांक 16.12.19

राजस्थान आवासन मण्डल पंचशील अजमेर योजना में श्रीमती सुन्दरी देवी पत्नि स्व. श्री राधाकिशन मूलानी को आवास संख्या 5/112, पंचशील अजमेर योजना में आवंटित कर दिनांक 18.07.2011 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती सुन्दरी देवी पत्नि स्व. श्री राधाकिशन मूलानी द्वारा दिनांक 29.08.2011 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं । श्रीमती सुन्दरी देवी पत्नि स्व. श्री राधाकिशन मूलानी ने पंजीयन कराने के पश्चात् आवास का बैचान श्रीमती रजनी सिंगारिया पत्नि श्री चाँदमल सिंगारिया एवम् श्री चाँदमल सिंगारिया पुत्र श्री पन्नालाल सिंगारिया को दिनांक 04.08.2015 को कर दिया गया, जोकि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 1872 में पृष्ठ सं. 175 क्रम सं. 201503001103901 पर पंजीबद किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 4483 के पृष्ठ सं. 256 से 266 पर दिनांक 04.08.2015 को चस्पा किया गया हैं। अब श्रीमती रजनी सिंगारिया एवम् श्री चाँदमल सिंगारिया ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं। श्रीमती रजनी सिंगारिया एवम् श्री चाँदमल सिंगारिया का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

राजस्थान - सरकार

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, उप जिला चिकित्सालय, मेड़ता सिटी नागौर

Phone No. : 01590-220044, E-mail : chemertaw@gmail.com

क्रमांक : 2025 / 178 — दिनांक 13.08.2025

-: निलामी विज्ञप्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस चिकित्सालय के नकारा / अनुपयोगी /अप्रचलित सामान जिसका पुस्तक मूल्य 813561 रुपये (चिकित्सा पक्ष) है की सार्वजनिक नीलामी / नष्टीकरण दिनांक 25.08.2025 को दोपहर 2.00 बजे चिकित्सालय परिसर मे गठित कमेटी . द्वारा की जायेगी।

सामग्री सूची संलग्न है । कुल मद मूल्य 813561 रुपये

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उप जिला चिकित्सालय, मेड़ता सिटी नागौर

कार्यालय नगर पालिका केकड़ी (जिला अजमेर)

Email ID- npkekri2011@gmail-com फोन (0): 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./2025-26/1873 — आपत्ति आमन्त्रण सूचना — दिनांक 12.8.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदको कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टा चाहने के संबन्ध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा -

क्र. सं.	आवेदन कर्ता	दिशाएं		सम्पति का प्रकार	क्षेत्रफल वर्गगज में	प्रयोजन
1.	श्री गजेन्द्र कुमार रांटा पुत्र श्री अशोक कुमार रांटा निवासी केकडी	पूर्व : रास्ता उत्तर : प्लाट नं. 25	पश्चिम : कॉलोनी दक्षिण : प्लाट नं. 23	आवासीय	124.44	कृषि भूमि नियमन
2.	श्रीमती इन्द्रा जैन पत्नी अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी	पूर्व : रास्ता, उत्तर : प्लाट नं. 24.	पश्चिम : कॉलोनी दक्षिण : कॉलोनी	आवासीय	127.11	कृषि भूमि नियमन
3.	श्रीमती इन्द्रा जैन पत्नी अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी	पूर्व : प्लाट नं. : 16. उत्तर : रास्ता	पश्चिम : रास्ता दक्षिण : कॉलोनी	आवासीय	331.25	कृषि भूमि नियमन
4.	श्री अशोक कुमार रांटा पुत्र श्री भंवर लाल रांटा निवासी केकड़ी	पूर्व : प्लाट नं. 13 उत्तर : रास्ता	पश्चिम : प्लाट नं. 17 दक्षिण : कॉलोनी	आवासीय	113.19	कृषि भूमि नियमन

अधिशासी अधिकारी नगरपालिका केकड़ी

कार्यालय ग्राम पंचायत अरांई पंचायत समिति अरांई अजमेर

क्रमांक : ग्रा.प.अ./2025-26/184/2025 — दिनांक 13.8.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अंराई के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्कक्रण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र से ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया वेबसाइट http:// www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.स.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender Id
1	अरांई	ZAJ2526A0962	ZAJ2526SLOB01047	2025_PRD_494118_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अरांई
पं. स. अराँई (अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत अरांई
पं. स. अराँई (अजमेर)

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति विशिष्ठ श्रेणी मेडता सिटी नागौर

ph : 01590-220093 E-mail: kums.mertaci@rajasthan.gov.in & kums.met@gmail.com

क्रमांक :-एफ.( )मण्डी/लेखा/2025-26/306-10 — दिनांक 13.8.2025

निविदा सूचना

इस कार्यालय में निम्न कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है

क्र. सं.	कार्य का नाम	राशि	धरोहर राशि (रू. मे)	निविदा शुल्क (रू. मे)	निविदा प्रपत्र बेचने की अन्तिम तिथि	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि
1	बिजली सामान क्रय हेतु दरे	5.50	11000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
2	मण्डी प्रागण में स्थित प्याऊ पर टेंकर से पानी डालाना	3.50	7000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
3	प्याऊ पर पानी पिलाने हेतु (2 हेतु)	1.50	3000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
4	मुख्य मण्डी यार्ड में विद्युत व्यवस्था का रखरखाव	2.00	4000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
5	मुख्यमण्डी यार्ड में शुलभ कॉम्पलेक्स संचालन	1.50	3000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
6	कार्यालय स्टेशनरी छपाई	2.00	4000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
7	व्यापारी स्टेशनरी छपाई	3.00	6000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
8	मुख्य मण्डी एवं फल-सब्जी मण्डी में बागवानी व्यवस्था	2.00	4000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
9	ई-नाम परियोजना के तहत् लेब ऑपरेटर	4.80	10000	200	25-08-2025 06:00 PM	26-08-2025 12:00 PM	26-08-2025 04:00 PM
10	फल-सब्जी गौण मण्डी प्रागंण में चौकिदारी व्यवस्था	4.50